# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र 2016

क्रमांक:सैल–8/2015/15 | दिनांक : 01.08.2015

### शाला प्रधानों हेतु आवश्यक निर्देश

वर्ष 2016 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरवाये जायेंगे। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क जमा कराने की संशोधित अंतिम तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

| परीक्षा शुल्क | ऑनलाईन फार्म भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि | शुल्क बैंक/संस्था में जमा कराने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| सामान्य परीक्षा शुल्क से | 24.08.2015 | 28.08.2015 | 03.09.2015 |
| एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 02.09.2015 | 07.09.2015 | 11.09.2015 |

परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिये 500/– तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये 550/– निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 75/– प्रति विषय पृथक से देना होगा।

1. विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने की व्यवस्था :–बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.nic.in पर Login करके आवेदन–पत्र भरे जा सकेंगे। नेशनल कॉउन्सिल फोर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से आई.टी.आई./पोलिटेक्निक उत्तीर्ण परीक्षार्थी समकक्षता प्राप्त करने तथा माध्यमिक परीक्षा (व्यावसायिक) हेतु परीक्षार्थियों को भी उपरोक्त निर्धारित तिथियों में ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। ऑनलाइन परीक्षाआवेदन–पत्र भरने की जिम्मेदारी संस्था प्रधान की है। निजी संस्था प्रधान अपने विद्यालय का वार्षिक शुल्क (बोर्ड सम्बद्धता) ऑनलाईन आवेदन से पूर्व जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अभाव में ऑनलाईन आवेदन हेतु लॉगिन नहीं किया जा सकेगा।
2. Login कैसे करें :–सभी विद्यालयों के Login ID तथा Password नोडल केन्द्रों पर भेजे जा चुके है।
3. विद्यालयों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :– नमूने का आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं जहाँ से इन्हें डाउनलोड करके आवेदन–पत्रों की फोटो प्रतियां करवाकर प्रत्येक परीक्षार्थी से भरवावें। इन पर परीक्षार्थी का फोटो भी लगेगा तथा काली स्याही से हस्ताक्षर भी होंगे। इन परीक्षा आवेदन–पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार सुनिश्चित कर लें। परीक्षार्थियों के भरे हुए परीक्षा आवेदन–पत्र एवं बोर्ड से भेजा गया User ID तथा Password का बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.nic.in पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के लिंक पर क्लिक करें तथा आवेदन पत्र आनलाईन भरें तथा दिये गये User ID तथा Password से Login करें। साईट खुलने पर अपना Password परिवर्तित करें। परिवर्तित Password अपने पास अवश्य नोट कर सुरक्षित रखें।
   (अ) विद्यालय प्रोफाईल भरना:– सर्वप्रथम विद्यालय के प्रोफाईल की पूर्ति करें। जिसमें शाला प्रधान का नाम, दूरभाष संख्या, मोबाईल नम्बर, विद्यालय को बोर्ड से सम्बद्धता, किन किन विषयों में सम्बद्धता प्राप्त की गई है क्रमोन्नति दिनांक, गत वर्ष का परीक्षा केन्द्र एवं गत वर्ष की परीक्षार्थियों की संख्या एवं विधालय में मा./उ.मा. कक्षा का अध्यापन करवाने वाले अध्यापकों का विवरण आदि आवश्यक सूचनायें भरी जानी है।
   (ब) परीक्षा आवेदन–पत्र भरना:– विद्यालय के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जाने हैं। ये आवेदन–पत्र अपने पास पूर्व में भरे हुए हस्तलिखित आवेदन–पत्रों के आधार पर भरे जायेंगे। आवेदन पत्र भरते समय जाति कोड का सही–सही उल्लेख करें। अन्य बोर्ड से प्रवर्जित परीक्षार्थियों को इस बोर्ड से पात्रता प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। पात्रता प्रमाण पत्र के कमांक का सही–सही उल्लेख आवेदन पत्र पर करने के पश्चात् ही आवेदन पत्र भरा जा सकेगा।
   (स) चैकलिस्ट प्राप्त करना:– सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका प्रिन्ट आउट (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) निकलवा कर मूल आवेदन–पत्रों/विद्यालय रिकॉर्ड से भली–भांति जांच कर आनलाईन डाटा में आवश्यक संशोधन करें।
   (द) चालान फार्म व अग्रेषण सूची प्रिन्ट करना:– सभी संशोधन पूरे होने के पश्चात Data Lock पर क्लिक करें। Data Lock के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा। चालान बनाने हेतु पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक अथवा ई–मित्र में से किसी एक बैंक/संस्था का चयन करें। बैंक द्वारा रूपये 20/– तथा ई–मित्र द्वारा रूपये 75/– प्रति चालान कमीशन लिया जायेगा। चालान फार्म तथा परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिन्ट करें। एक बार चालान मुद्रित होने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र पुनः भरने के लिये चालान का शुल्क संबंधित बैंक/संस्था पर जमा कराना अथवा पूर्व चालान को निरस्त करना आवश्यक है। चालान निरस्त करने की स्थिति में उस चालान से संबंधित सभी परीक्षा आवेदन–पत्र Delete हो जायेंगे।
   (य) Online Challan मुद्रण दिनांक से चौथे दिन से परीक्षा शुल्क की राशि निर्धारित अंतिम तिथि तक बैंक में जमा करायी जा सकेगी। यदि बैंक का अवकाश है तो उसके अगले कार्यदिवस से जमा होगी। चालान पर बैंक में शुल्क जमा कराने की प्रारम्भिक एवं अन्तिम तिथि मुद्रित होगी। इस अवधि में ही बैंक में शुल्क जमा कराना अनिवार्य है।
4. परीक्षा शुल्क जमा कराना :–परीक्षा शुल्क चालान 4 प्रतियों में मय शुल्क विवरण प्राप्त होगा। चालान के साथ परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची भी दो प्रतियों में मुद्रित की जानी है। चालान, अग्रेषण सूची की दो प्रतियाँ एवं परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि में नकद बैंक में जमा कराना है। बैंक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् अग्रेषण सूची की एक प्रति पर बैंक की सील लगाकर तथा चालान फार्म की 3 प्रतियाँ वापस लौटा दी जायेगी। बैंक द्वारा चालान फार्म पर एक Transaction No. अंकित किया जायेगा।
5. परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :–परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् पुनः बोर्ड की वेबसाईट पर Login करें। चालान फार्म पर अंकित Transaction No./Token No. जो कि बैंक/संस्था द्वारा भरा गया है, बैंक/संस्था द्वारा जारी ट्रांजेक्शन ID/टोकन नम्बर का सत्यापन होने के बाद ही आवेदन पत्र मुद्रित हो सकेगे। अस्थायी आवेदन पत्र (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इन ऑनलाईन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर करने हैं तथा विद्यालय की सील अंकित करनी है। प्रत्येक परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक प्रलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करनी है।
6. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र, अग्रेषण सूची तथा चालान की प्रतियाँ नोडल केन्द्र पर जमा करना:– बैंक द्वारा सील लगाकर दी गई अग्रेषण सूची की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास सुरक्षित रखें। विद्यालय प्रोफाईल की मूल प्रति, ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र मय प्रलेखों एवं शाला को बोर्ड से सम्बद्धता, किन–किन विषयों में सम्बद्धता प्राप्त की गई है तथा कमोन्नत एवं उ.मा. परीक्षा की बोर्ड से सम्बद्धता संबंधी आदेशों की प्रमाणित प्रति एवं चालान की दो प्रतियों व प्रपत्र 127 व 128 के साथ अपने समीप के नोडल केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करावें।
7. एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु :– पुनः क्रम संख्या 3 (ब) से 6 तक की प्रक्रिया अपनावें।
8. एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क के आवेदन–पत्र भरना :– विद्यालय की प्रोफाईल दुबारा फीड नहीं करना है। इसमें संशोधन हो तो किये जा सकते हैं। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2631310, 2631314, 2628499, 2622877 पर सम्पर्क किया जा सकता है। फैक्स नम्बर– 0145–2627394 है।

नोट :– कोई भी नियमित/स्वयंपाठी छात्र विद्यालय/अग्रेषण अधिकारी के माध्यम से ही आवेदन–पत्र अग्रेषित करवा सकेंगे। परीक्षार्थी स्वयं ई–मित्र के माध्यम से आवेदन–पत्र अग्रेषित नहीं करवा सकेंगे। आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने हेतु विस्तृत निर्देश प्रपत्र 33, प्रपत्र 34 बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है जहां से हॉर्ड कापी मुद्रित कर उपयोग में ली जा सकती है।

सचिव